आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
e-mail: jdacad1960@gmail.com Ph.: 0141-2706550

क्रमांकःएफ 7(4) विविध/अकाद/आकाशि/2022/पार्ट/ 425 **दिनांकः** 01 **फरवरी, 2023**

प्राचार्य,
राजकीय/निजी महाविद्यालय,
(समस्त जयपुर जिला)

विषयः– सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित **अमृत यात्रा कर्तव्य पथ पर अग्रसर India@2047** मल्टीमीडिया प्रदर्शनी में सहभागिता प्रदान करने बाबत।

संदर्भः– सहायक निदेशक, केन्द्रीय संचार ब्यूरो, जयपुर का पत्रांक जे 11014/11/2023/कार्य./ दिनांक 19.01.2023

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र की प्रति संलग्न कर लेख है कि ब्यूरो द्वारा केन्द्र एवं राज्य सरकार की फ्लेगशिप योजनाओं के बारे में आमजन में जागरूकता लाने के लिए जयपुर जिला मुख्यालय पर आदर्श विद्या मन्दिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, अम्बाबाडी, जयपुर शिक्षण संस्थान में **अमृत यात्रा कर्तव्य पथ पर अग्रसर India@2047** डिजिटल मल्टीमीडिया प्रदर्शनी दिनांक 6 फरवरी, 2023 से 10 फरवरी, 2023 (5 दिवसीय) का आयोजन किया जा रहा है।

अतः निवेदन है कि आपके महाविद्यालय के विद्यार्थियों को इस प्रदर्शनी के अवलोकन तथा रचनात्मक प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्रेरित करें एवं उनकी सहभागिता सुनिश्चित करें।

क्रमांकःएफ 7(4) विविध/अकाद/आकाशि/2022/पार्ट/ 425 **दिनांकः** 01 **फरवरी, 2023**
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित करें –

1. निजी सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, अतिरिक्त आयुक्त, कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
3. सहायक निदेशक, केन्द्रीय संचार ब्यूरो, जयपुर का पत्रांक जे 11014/11/2023/कार्य./दिनांक 19.01.2023
4. वेबसाईट प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर को अपलोड हेतु।

(डॉ. शैला महान)
संयुक्त निदेशक (अकादमिक)

Signature valid
Digitally signed by Shaila Mahan
Designation : Associate Professor
Date: 2023.02.01 17:28:52 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 3090619

Ms Hemlata
23.1.23

केन्द्रीय संचार ब्यूरो

प्रादेशिक कार्यालय,जयपुर (राजस्थान रीजन)
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय
भारत सरकार

क्रमांक:- जे 11014/11/2023/कार्य./
दिनांक:- **19/01/2023**

विषयः- **सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित "अमृत यात्रा कर्तव्य पथ पर अग्रसर India@2047" मल्टीमीडिया प्रदर्शनी में सहभागिता प्रदान करने बाबत।**

महोदय/महोदया

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, जयपुर द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत केन्द्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के बारे में आमजन में जागरूकता लाने के लिए माह फरवरी 2023 में **जिला मुख्यालय पर आदर्श विद्या मन्दिर उच्च माध्यमिक विद्यालय अम्बाबाड़ी, जयपुर** शिक्षण संस्थान में **"अमृत यात्रा कर्तव्य पथ पर अग्रसर India@2047"** डिजिटल मल्टीमीडिया प्रदर्शनी **दिनांक 6 फरवरी, 2023 से 10 फरवरी, 2023 (5 दिवसीय)** का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत केन्द्र एवं राज्य सरकार की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं एवं आजादी का अमृत महोत्सव संबंधित विषय वस्तु को दर्शाया जायेगा। प्रदर्शनी में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ डिजिटल माध्यम से सभी राजकीय लोक कल्याणकारी योजनाओं को प्रदर्शित किया जायेगा। प्रदर्शनी में स्कूल—कॉलेज के विद्यार्थियों को VR (Virtual Reality) के माध्यम से नई दिल्ली में नव निर्मित कर्त्तव्य पथ की यात्रा करवायी जायेगी एवं कई अन्य रचनात्मक जोन – 360 डिग्री कैमरा, मोशन गेमिंग जोन, मन की बात जोन, फिट इंडिया जोन, ऑनलाईन क्विज जोन, महिला सशक्तिकरण जोन आदि भी दर्शाये जायेंगे। प्रदर्शनी का समय प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा।

मल्टीमीडिया प्रदर्शनी को सफल बनाने में जिला कलेक्टर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, कॉलेज शिक्षा, विकास अधिकारी, नेहरू युवा केन्द्र, एनसीसी, एनएसएस, स्कॉउट एवं गाईड आदि विभाग/संस्थान सहयोग प्रदान करेगें।

आपसे आग्रह है कि जिला जयपुर के निजी एवं राजकीय महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को प्रदर्शनी के अवलोकन तथा रचनात्मक प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु संस्था प्रमुखों को निर्देशित करने का श्रम करें।

उक्त प्रदर्शनी के संबंध में अधिक जानकारी हेतु अधाहस्ताक्षरकर्ता व श्री संजय बूलचन्दानी (मो0 9414782310) से संपर्क किया जा सकता है।

भवदीय,

(रामेश्वर लाल मीणा)
सहायक निदेशक
9414783275

श्रीमान आयुक्त
कॉलेज शिक्षा निदेशालय
जिला— जयपुर।